रोहतक
शनिवार 31 अक्टूबर 2026
कार्तिक मास कृष्ण पक्ष,
षष्ठी वर्ष : 30, अंक : 268
पृष्ठ 14 मूल्य 3.00

मौसम हरियाणा
अधि. 29.3°C
न्यून. 13.0°C

हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com



7 सीरीज पर कब्जा जमाने उतरेगी भारत 'ए' टीम

गृह मंत्रालय
भारत सरकार
सत्यमेव जयते

लौह-पुरुष सरदार पटेल
का संकल्प, हमारी प्रेरणा

नमन उन जांबाज़ों को,
जिन्होंने बनाए रखी
हमारी अखंडता





श्री नरेन्द्र मोदी
माननीय प्रधानमंत्री

राष्ट्रीय एकता दिवस
31 अक्टूबर, 2026

आइए एकता नगर, गुजरात

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के साथ भव्य परेड में शामिल होकर भारत को नक्सल-मुक्त बनाने में योगदान देने वाले केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों एवं राज्य पुलिस बलों के शौर्य, साहस और सर्वोच्च बलिदान का सम्मान करें

परेड के मुख्य आकर्षण

- नक्सल-विरोधी अभियानों में जुटे केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों एवं राज्य पुलिस बलों की परेड
- नक्सल-विरोधी अभियान का श्वान दस्ता
- जीवंत झाँकियाँ - जन संकल्पना से सृजित
- नक्सल-मुक्त भारत पर आदिवासी कलाकारों द्वारा नाट्य प्रस्तुति
- 5,000 कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति
- विद्यार्थियों द्वारा बैंड प्रदर्शन
- नशा-मुक्त भारत का संदेश देती राष्ट्रीय मोटरसाइकिल रैली
- भव्य आतिशबाज़ी

सुबह 9.00 बजे प्रधानमंत्री जी के द्वारा सरदार वल्लभभाई पटेल की पद-पूजा और शाम 5.30 बजे से परेड का डीडी न्यूज़ पर प्रसारण

राष्ट्रीय एकता दिवस
31 अक्टूबर, 2026
स्टेच्यू ऑफ यूनिटी, एकता नगर, गुजरात

जानकारी और ठहरने की बुकिंग
के लिए स्कैन करें या विज़िट करें
rashtriyaektadiwas.com

CBC 19101/13/0029/2627

एशियाई एवं पैरा एशियाई खेलों के पदक विजेताओं का भीम स्टेडियम में सम्मान समारोह

खिलाड़ियों की वर्षों की तपस्या और त्याग से विश्व पटल पर चमका तिरंगा : नायब

मुख्यमंत्री बोले- सितारों के बीच आकर मन गर्व से भर गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

पदक कुछ क्षणों में खिलाड़ी के गले में डलता है, लेकिन उसे हासिल करने के लिए खिलाड़ी अपना जीवन लगा देता है। इन पदकों के पिछे वर्षों का अभ्यास, अनगिनत त्याग एवं हार के बाद फिर उठ खड़े होने का हौसला होता है। भिवानी की धरती पर आज गूंज रही तालियां सिर्फ पदकों के लिए नहीं, बल्कि उन अनगिनत वर्षों की तपस्या, त्याग एवं अटूट संकल्प के लिए हैं, जिसने भारत का तिरंगा एशियाई खेल मैदान में ऊंचा किया है, ये बात मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कही। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी शुक्रवार को भीम स्टेडियम में आयोजित एशियाई एवं पैरा एशियाई खेलों के पदक विजेता खिलाड़ियों के संयुक्त सम्मान समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने जिले के विकास के लिए घोषणाएं भी की।





भिवानी के मुक्केबाजों ने विश्व मंच पर लहराया परचम

मुख्यमंत्री सैनी ने कहा कि भिवानी की धरती पर इस समारोह का विशेष महत्व है। मिनी क्यूबा कहलाने वाले भिवानी ने भारतीय मुक्केबाजी को उसकी पहचान दी है। विजेंद्र सिंह, अखिल कुमार, जितेंद्र कुमार, नीतू घणघस, जैस्मिन लम्बोरिया, प्रीति पंवार, साक्षी चौधरी और प्रिया घणघस जैसे मुक्केबाजों ने दुनिया के मंच पर भिवानी का नाम रोशन किया है। इन सफलताओं के पीछे यहां के प्रशिक्षकों और उन परिवारों की साधना है।

खेलों के बुनियादी ढांचे पर 1100 करोड़ रुपये किए खर्च

मुख्यमंत्री ने कहा कि खिलाड़ियों को विश्वस्तरीय प्रदर्शन के लिए विश्वस्तरीय सुविधाएं भी चाहिए। पिछले 12 वर्षों में खेलों के बुनियादी ढांचे पर लगभग 1100 करोड़ रुपये खर्च किए हैं। खेल विभाग का बजट वर्ष 2013-14 के 163 करोड़ रुपये से बढ़ाकर 668 करोड़ 42 लाख रुपये किया गया है। खिलाड़ियों को चोट से उबरने और बेहतर प्रदर्शन के लिए वैज्ञानिक सुविधाएं देने हेतु पंचकूला के ताऊ देवीलाल खेल परिसर में लगभग 10 करोड़ रुपये की लागत से ए-स्टार उन्नत वैज्ञानिक प्रशिक्षण एवं पुनर्वास केंद्र स्थापित किया गया है।

खिलाड़ी दुनिया में नाम रोशन कर रहे : धर्मबीर : सांसद धर्मबीर सिंह ने कहा कि सरकार की खेल नीति का परिणाम है कि प्रदेश के खिलाड़ी दुनिया मे देश व पदेश का नाम रोशन कर रहे हैं। कॉमनवेल्थ खेलों में देश में आए कुल गोल्ड मेडल में 50 फीसदी गोल्ड प्रदेश के खिलाड़ियों ने जीते हैं। एशियन खेलों में देश के खिलाड़ियों ने कुल 21 गोल्ड मेडल जीते हैं, जिनमें 14 गोल्ड अकेले हरियाणा खिलाड़ियों के हैं। इस मौके पर विधायक सहित अन्य नेता मौजूद रहे।

24 पुलिस जिलों में 6 हजार सीसीटीवी कैमरे लगाए

चंडीगढ़। हरियाणा के पुलिस महानिदेशक अजय सिंघल की अध्यक्षता में शुक्रवार को पंचकूला स्थित पुलिस मुख्यालय में प्रदेशभर के वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों की समीक्षा बैठक हुई। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से हुई बैठक में अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक, पुलिस महानिरीक्षक, पुलिस अधीक्षक और अन्य वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए। बैठक में बताया गया कि प्रदेश के 11 जिलों में सक्रिय अपराधियों के डेटा का शत-प्रतिशत फिजिकल वेरिफिकेशन पूरा हो चुका है। प्रदेश के 24 पुलिस जिलों में कुल 389 थाने और 327 पुलिस चौकियां हैं। हरियाणा पुलिस हाउसिंग कॉर्पोरेशन की सीसीटीवी परियोजना के तहत इन स्थानों पर कुल 6,644 कैमरे स्थापित किए गए हैं। बैठक में बताया गया कि 40 संवेदनशील स्थानों और बॉर्डर एरिया में नियमित नाके लगाए जा रहे हैं। इसके अलावा 250 स्थायी नाकों के साथ 288 अतिरिक्त नाका पॉइंट चिह्नित किए गए हैं।



■ 40 संवेदनशील स्थानों पर नाके लगाए जा रहे

महिलाओं के नाम पर निजी वाहन खरीदने पर कर में 20 हजार रुपये तक छूट

पंचकूला। हरियाणा में अब महिलाओं के नाम पर नया निजी वाहन खरीदना सस्ता हो जाएगा। राज्य सरकार ने महिलाओं के नाम पर खरीदे और हरियाणा में पंजीकृत कराए जाने वाले नए गैर-परिवहन वाहनों पर मोटर वाहन कर में एक प्रतिशत की छूट देने का निर्णय लिया है। यह छूट वाहन के एक्स-शोरूम मूल्य पर मिलेगी, जिसकी अधिकतम सीमा 20 हजार रुपये तय की गई है। परिवहन विभाग ने 29 अक्टूबर को इस संबंध में अधिसूचना जारी कर 29 सितंबर, 2017 की अधिसूचना में संशोधन किया है। यह संशोधन हरियाणा मोटर वाहन कराधान अधिनियम, 2016 की धारा 3 के तहत किया गया है। अधिसूचना के अनुसार, इस छूट का लाभ उन नए गैर-परिवहन वाहनों पर मिलेगा, जिन्हें हरियाणा में खरीदा जाएगा और महिलाओं के नाम पर पंजीकृत कराया जाएगा। वाहन के एक्स-शोरूम मूल्य का एक प्रतिशत मोटर वाहन कर में छूट के रूप में दिया जाएगा।

कॉलेज एवं विश्वविद्यालयों के छात्र देंगे आंगनवाड़ी केंद्रों पर सेवाएं

चंडीगढ़। महिला एवं बाल विकास विभाग, हरियाणा द्वारा बच्चों के उज्ज्वल भविष्य में योगदान देने और प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल एवं शिक्षा को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से बाल सारथी इंटर्नशिप कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम के तहत कॉलेजों एवं विश्वविद्यालयों के विद्यार्थियों तथा समुदाय के इच्छुक व्यक्तियों को आंगनवाड़ी केंद्रों पर प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल एवं शिक्षा में अपना बहुमूल्य योगदान देने का अवसर प्रदान किया जा रहा है। इस इंटर्नशिप की अवधि न्यूनतम 2 माह से लेकर अधिकतम 6 माह तक निर्धारित की गई है।

रिटायर हुआ ड्राइवर, आईएएस ने उनके लिए खुद चलाई कार

चंडीगढ़। विकास एवं पंचायत विभाग के निदेशक सुशील सारवान ने सादगी, विनम्रता और मानवीय संवेदनशीलता का एक अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत करते हुए बोर्ड में कार्यरत चालक यब्बू प्रसाद पांडे को उनकी सेवानिवृत्ति के अवसर पर स्वयं गाड़ी चलाकर उनके घर तक पहुंचाया तथा उन्हें भावी जीवन के लिए हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। यब्बू प्रसाद पांडे ने 28 अप्रैल 1993 को हरियाणा सरकार में अपनी सेवाएं प्रारंभ की थीं तथा 31 अक्टूबर 2026 को 33 वर्ष 6 माह की लंबी व समर्पित सेवाओं के उपरांत सेवानिवृत्त हुए।

प्रधानमंत्री की राष्ट्र सेवा की यात्रा युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत : सीएम



चंडीगढ़। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जीवन संघर्ष, सेवा और संकल्प की ऐसी प्रेरणादायक यात्रा है, जिससे हर व्यक्ति को चुनौतियों का सामना करते हुए जीवन में आगे बढ़ने और अपने लक्ष्य को हासिल करने की प्रेरणा मिलती है। व्यक्ति यदि दृढ़ संकल्प और पूरे उत्साह के साथ आगे बढ़े तो वह शून्य से शिखर तक पहुंच सकता है। प्रधानमंत्री के जीवन पर आधारित नाट्य प्रस्तुति 'शून्य से शिखर तक' ने उनके इसी संघर्ष और राष्ट्र सेवा के भाव को बेहद प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया है। मुख्यमंत्री शुक्रवार को पंचकूला स्थित इंद्रधनुष ऑडिटोरियम में दादा लखमी चंद राज्य प्रदर्शन एवं दृश्य कला विश्वविद्यालय, रोहतक तथा सूचना, जनसंपर्क, भाषा एवं संस्कृति विभाग, हरियाणा द्वारा प्रधानमंत्री के जीवन की यात्रा व राष्ट्र के प्रति उनके योगदान को 'शून्य से शिखर तक' के विषय पर आयोजित नाट्य प्रस्तुति देखने के बाद मीडिया से बातचीत कर रहे थे। इस मौके पर राज्य सभा सांसद रेखा शर्मा, विधायक शक्ति रानी शर्मा, सुपवा के कुलगुरू डॉ.अमित आर्य, सूचना, जनसंपर्क, भाषा एवं संस्कृति विभाग के आयुक्त एवं सचिव के.एम. पांडुरंग सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

सफाईकर्मियों को अब हर माह मिलेगा 2000 रुपये जोखिम भत्ता

चंडीगढ़। हरियाणा सरकार ने नगर पालिकाओं के 21 हजार सफाई कर्मचारियों और सीवरमैन को राहत दी है। उन्हें अब हर महीने 2000 रुपये का जोखिम भत्ता दिया जाएगा। यह भत्ता तत्काल प्रभाव से लागू होगा और 'पालिका रोल' पर कार्यरत कर्मचारियों के बराबर होगा।शहरी स्थानीय निकाय विभाग ने इस संबंध में आदेश जारी किए हैं। यह निर्णय हरियाणा राज्य के सभी नगर निगमों, जिला नगर आयुक्तों, नगर परिषदों के कार्यकारी अधिकारियों और नगर समितियों के सचिवों को सूचित किया गया है। इस नए आदेश के साथ, नियमित सफाई कर्मचारियों को पहले दिए जाने वाले प्रदर्शन-आधारित वार्षिक प्रोत्साहन को वापस ले लिया जाएगा। यह प्रोत्साहन पहले जोखिम भत्ते के बदले में दिया जाता था।

सरकार ने गन्ना किसानों को भगवान के भरोसे छोड़ा

चंडीगढ। पूर्व मुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र हुड्डा का कहना है कि भाजपा सरकार द्वारा गन्ने के रेट में कुछ पैसों की की बढ़ोतरी करना, किसानों के साथ भद्दा मजाक है। उन्होंने कहा कि सरकार ने किसानों को भगवान भरोसे छोड़ दिया है। गन्ने की कीमत में सरकार ने मात्र 3% वृद्धि की है। जबकि महंगाई की दर दहाई का आंकड़ा छूने वाली है। भूपेंद्र हुड्डा ने आंकड़ों के साथ सरकार को आइना दिखाते हुए बताया कि कांग्रेस सरकार के साढ़े 9 साल (2005 से 2014) में गन्ने के रेट में ऐतिहासिक बढ़ोतरी हुई। उस समय गन्ने का रेट 117 प्रति क्विंटल से बढ़ाकर 310 प्रति क्विंटल कर दिया गया था। यानी कुल 193 की बढ़ोतरी हुई यानी 165 प्रतिशत। इस दौरान औसतन हर साल करीब 18.3 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई।

हरियाणा में अधिकारियों के विदेश दौरे पर सख्ती

अब मुख्यमंत्री को सीधे नहीं भेज सकेंगे फाइल, पहले मुख्य सचिव से मंजूरी जरूरी

योगेंद्र शर्मा ⏭ चंडीगढ़

हरियाणा सरकार ने प्रशासनिक अधिकारियों और कर्मचारियों के आधिकारिक विदेश दौरों के प्रस्तावों को लेकर नियमों में बड़ा बदलाव किया है। राज्य सरकार ने स्पष्ट कर दिया है कि अब कोई भी विभाग या अधिकारी सीधे मुख्यमंत्री कार्यालय (सीएमओ) को विदेश दौरे की फाइल मंजूरी के लिए नहीं भेजेगा। सरकार के संज्ञान में आया था कि विभिन्न विभागों और बोर्ड/निगमों द्वारा विदेश प्रतिनिधिमंडलों और दौरों के प्रस्ताव सीधे माननीय मुख्यमंत्री के पास मंजूरी के लिए भेजे जा रहे थे। इस प्रक्रिया में प्रशासनिक निगरानी, नियमों का पालन और बजट संबंधी पहलुओं की सही जांच नहीं हो पा रही थी। कार्मिक विभाग ने विदेश सहयोग विभाग के आयुक्त और सचिव को भी निर्देश जारी किए हैं कि विभाग द्वारा प्रोसेस किए जाने वाले सभी विदेश दौरों के प्रस्तावों को भी सीएम के पास भेजने से पहले अनिवार्य रूप से मुख्य सचिव कार्यालय से रूट किया जाए।

गहन जांच के बाद आगे भेजा जाएगा

अब सभी प्रस्तावों की प्रारंभिक और गहन जांच मुख्य सचिव कार्यालय द्वारा की जाएगी। अधिकारी की पात्रता, यात्रा की बारंबारता, दौरे की आवश्यकता और बजट प्रावधानों का पूरा ब्यौरा जांचा जाएगा। मुख्य सचिव कार्यालय से प्रशासनिक हरी झंडी मिलने के बाद ही फाइल अंतिम आदेशों के लिए मुख्यमंत्री के समक्ष पेश की जाएगी। ऑल इंडिया सर्विसेज के अफसर, राज्य के ग्रुप ए, बी, सी, डी कर्मचारी और बोर्ड निगमों व वैधानिक निकायों के अफसरों पर यह फैसला लागू होगा।



रोहतक
शनिवार 31 अक्टूबर 2026
कार्तिक मास कृष्ण पक्ष,
षष्ठी वर्ष : 30, अंक : 268
पृष्ठ 14 मूल्य 3.00

मौसम हरियाणा
अधि. 29.3°C
न्यून. 13.0°C

हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

नेविगेशन सैटेलाइट की सफल लॉन्चिंग



श्रीहरिकोटा। इसरो ने शुक्रवार को अपना नेविगेशन सैटेलाइट एनवीएस-03 लॉन्च किया। इसे जीएसएलवी-एफ18 रॉकेट के जरिए रात 11 बजकर 51 मिनट पर लॉन्च किया गया। उड़ान के करीब 18 मिनट बाद रॉकेट के तीनों चरण सफल रहे। इसके बाद 2,232 किलोग्राम वजनी यह सैटेलाइट रॉकेट से अलग होकर अपने तय ऑर्बिट में पहुंच गया।

संबंधित पैकेज पेज 8 पर



खबर संक्षेप

चांदी 9,134 सस्ती, सोना भी 1.40 लाख पर आया

नई दिल्ली। त्योहारी सीजन में सोना-चांदी खरीदने वालों के लिए अच्छी खबर है।



एक किलो चांदी 9,134 रुपये घटकर 1.81 लाख रुपये पर आ गई है, जो गुरुवार को 1.90 लाख रुपये पर थी। वहीं, 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 2,201 रुपये गिरकर 1.41 लाख रुपये आ गया है। चांदी इस महीने 39,485 रुपये और सोना 8,084 रुपये सस्ता हुआ है। *(पेज 4 भी देखें)* एजेंसी

किसान सम्मान योजना की 24वीं किस्त जारी

नई दिल्ली। पीएम किसान योजना की 24वीं किस्त शुक्रवार को जारी हो गई।



कुल 9.34 करोड़ से अधिक किसानों के खातों में 2-2 हजार रुपये पहुंचे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुजरात से डीबीटी के जरिए सीधे किसानों के खाते में पैसे भेजे। मोदी ने सुबह लगभग 11:30 बजे, बनासकांठा में 14,000 करोड़ रुपये से अधिक की विभिन्न विकास परियोजनाओं की आधारशिला रखी। एजेंसी

एशियन गेम्स विजेताओं को प्रदेश सरकार की सौगात

खिलाड़ियों का सम्मान, 132 को दिए 189 करोड़ के इनाम

भिवानी में सीएम बोले, खिलाड़ियों को हर सुविधा देगी सरकार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने एशियाई और पैरा एशियाई खेलों में पदक जीतकर देश और प्रदेश का नाम रोशन करने वाले खिलाड़ियों को सम्मानित किया। भिवानी में आयोजित सम्मान समारोह में मुख्यमंत्री ने 132 खिलाड़ियों को कुल 189 करोड़ 38 लाख रुपये के नकद पुरस्कार बांटे। इसके साथ ही भीम स्टेडियम में आधुनिक खेल सुविधाएं विकसित करने के लिए 50 करोड़ रुपये देने का भी ऐलान किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि भीम स्टेडियम में खिलाड़ियों के बीच पहुंचकर उन्हें गर्व महसूस हो रहा है। उन्होंने जापान में आयोजित एशियाई और पैरा एशियाई खेलों में देश और हरियाणा का गौरव बढ़ाने वाले सभी खिलाड़ियों को बधाई दी। मुख्यमंत्री ने बताया कि एशियाई खेलों में भारत ने कुल 85 पदक जीतकर चौथा स्थान हासिल किया। इसमें हरियाणा के खिलाड़ियों का योगदान 32 पदकों का रहा, जिनमें 14 स्वर्ण पदक शामिल हैं। वहीं, पैरा एशियाई खेलों में भारत ने 114 पदक जीतकर अब तक का अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। हरियाणा के पैरा खिलाड़ियों ने इन खेलों में 9 स्वर्ण पदकों सहित कुल 31 पदक अपने नाम किए। मुख्यमंत्री ने कहा कि इन प्रतियोगिताओं में प्रदेश के कई खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। कुश्ती में भी भारत का प्रदर्शन वर्ष 1962 के बाद एशियाई खेलों में सबसे बेहतर रहा।

बेटियां भी हर क्षेत्र में आगे बढ़ रहीं


मुख्यमंत्री सैनी ने हरियाणा की बेटियों की उपलब्धियों की सराहना करते हुए कहा कि प्रदेश की बेटियां भी हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं और पदक जीतकर देश का नाम रोशन कर रही हैं। उन्होंने बताया कि पात्र खिलाड़ियों को हरियाणा की खेल नीति के तहत सरकारी नौकरियों के ऑफर लेटर भी दिए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री के मुताबिक, राज्य सरकार खेल नर्सरियों, प्रशिक्षण सुविधाओं और प्रशिक्षकों की व्यवस्था को मजबूत करने के साथ खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने पर भी काम कर रही है।

भिवानी की धरती ने दी मुक्केबाजी को पहचान

मुख्यमंत्री ने कहा कि भिवानी की धरती पर इस समारोह का विशेष महत्व है। मिनी क्यूबा कहलाने वाले भिवानी ने भारतीय मुक्केबाजी को उसकी पहचान दी है। विजेंद्र सिंह, अखिल कुमार, जितेंद्र कुमार, नीतू घणघस, जैस्मिन लम्बोरिया, प्रीति पंवार, साक्षी चौधरी और प्रिया घणघस जैसे मुक्केबाजों ने दुनिया के मंच पर भिवानी का नाम रोशन किया है। इन सफलताओं के पीछे यहां के प्रशिक्षकों और उन परिवारों की साधना है, जिन्होंने खेतों में पसीना बहाते हुए भी बच्चों के सपनों को पंख दिए।

नेवी को मिलेंगे 8 कॉर्वेट जंगी जहाज

कैबिनेट ने 40 हजार करोड़ की परियोजना को दी मंजूरी



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

पीएम नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता वाली कैबिनेट कमेटी ऑन सिक्योरिटी (सीसीएस) ने इंडियन नेवी के लिए 8 नए कॉर्वेट युद्धपोत बनाने की मंजूरी दी है। इस परियोजना पर 40 हजार करोड़ से ज्यादा खर्च किए जाएंगे। इन युद्धपोतों में 70% से ज्यादा सामान भारत में बनाया जाएगा। इससे देश में रक्षा उत्पादन को बढ़ावा मिलेगा। रिपोर्ट के मुताबिक, पहले युद्धपोत का निर्माण एक साल के भीतर शुरू होने की उम्मीद है। इसे 2030 तक नौसेना को सौंपने का लक्ष्य रखा गया है।

जम्मू-कश्मीर में लश्कर-टीआरएफ से जुड़े 10 लोग गिरफ्तार : श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर पुलिस ने शोपियां में आतंकी फंडिंग करने वाले नेटवर्क का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने लश्कर-ए-तैयबा और द रेजिस्टेंस फ्रंट से जुड़े 10 सदस्यों को गिरफ्तार किया है। इस नेटवर्क के संबंध जेलों में बंद आतंकियों से है।

राफेल की आईएनएस विक्रांत पर पहली लैंडिंग



पणजी। राफेल मरीन (राफेल-एम) फाइटर जेट ने 29 अक्टूबर को आईएनएस विक्रांत पर पहली कोशिश में सफल लैंडिंग की। आईएनएस विक्रांत भारतीय नौसेना का स्वदेशी एयरक्राफ्ट कैरियर है। यह राफेल मरीन फ्रेंच नेवी का लड़ाकू विमान है। इसे फ्रेंच पायलट उड़ा रहे थे। इन ट्रायल्स से भारतीय नौसेना में राफेल मरीन विमान को ऑपरेशनल बनाने की प्रक्रिया शुरू होगी। भारत को अभी तक राफेल मरीन मिला नहीं है। समुद्र में जंगी जहाज से लड़ाकू विमान उड़ाना और उसकी जहाज पर लैंडिंग, सामान्य विमान उड़ाने के मुकाबले बहुत अलग है। राफेल मरीन के मामले में असली चुनौती यही थी कि फ्रांस के लिए तैयार इस विमान को भारतीय जंगी जहाज की तकनीक के अनुकूल बनाया जा सकता है या नहीं।

8 युद्धपोतों को सरकारी क्षेत्र की दो कंपनियां बनाएंगी

इन 8 युद्धपोतों को सरकारी क्षेत्र की दो कंपनियां बनाएंगी। कोलकाता की गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स और गोवा शिपयार्ड लिमिटेड शामिल हैं। दोनों कंपनियों के साथ निर्माण का कॉन्ट्रैक्ट होने की उम्मीद है। रक्षा सूत्रों के मुताबिक, हाल के समय में सरकार के उच्च स्तर पर मंजूरी पाने वाली यह पहली बड़ी रक्षा परियोजना है।

अगले 4-5 वर्ष में युद्धपोतों की डिलीवरी शुरू होने की उम्मीद

युद्धपोतों में 70% सामान भारत में बनाया जाएगा। इससे आत्मनिर्भर भारत अभियान और देश में रक्षा उत्पादन को बढ़ावा मिलेगा। सभी 8 युद्धपोत भारत में ही बनाए जाएंगे। इससे सरकार के सागर विजन को भी मजबूती मिलेगी। रक्षा सूत्रों के मुताबिक, अगले 4 से 5 साल में इन युद्धपोतों की डिलीवरी शुरू होने की उम्मीद है।

बद्रीनाथ से देहरादून आ रहा हेलीकॉप्टर क्रैश, 6 की मौत

एजेंसी ▶▶| चमोली

उत्तराखंड में शुक्रवार को बद्रीनाथ से देहरादून आ रहा एक प्राइवेट कंपनी का हेलीकॉप्टर जोशीमठ के पास क्रैश हो गया। हादसे में पायलट समेत 6 लोगों की मौत हो गई। सभी के शव बरामद कर लिए गए हैं। हेलिकॉप्टर ने दोपहर करीब 1:14 बजे बद्रीनाथ से देहरादून के सहस्त्रधारा के लिए उड़ान भरी थी। जोशीमठ घाटी के ऊपर उड़ान के दौरान उसका संपर्क टूट गया। इसके बाद ट्रैकिंग सिस्टम पर भी उसकी लोकेशन मिलनी बंद हो गई। यह घटना ऐसे समय हुई है, जब उत्तराखंड के कई इलाकों में खराब मौसम बना हुआ है। राज्य के कई हिस्सों में बारिश और बर्फबारी हो रही है। केंद्र सरकार के मुताबिक, 2016 और 2026 के बीच उत्तराखंड में 12 हेलीकॉप्टर हादसे हुए, जिनमें 27 मौतें लोगों की मौत हुई। आपदा प्रबंधन अधिकारी नंदकिशोर जोशी के मुताबिक, जेपी डैम के ऊपर जंगल में सफेद रंग की किसी चीज में आग लगने की सूचना मिली थी।

जोशीमठ घाटी के ऊपर उड़ान के दौरान संपर्क टूटा

उत्तराखंड में 10 साल में 12 हादसे, 27 की मौत

दुनिया के सबसे बड़े एक्सचेंज में लगाई 20 मिनट में सेंध

सबसे बड़ी क्रिप्टो हैकिंग 60,000 करोड़ चोरी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

दुनिया का सबसे बड़ा क्रिप्टोकरेंसी एक्सचेंज बाइनेंस हैक हो गया है। इसे इतिहास की सबसे बड़ी क्रिप्टो हैकिंग माना जा रहा है। कंपनी ने निकासी पर रोक लगा दी है। यानी, सुरक्षा जांच पूरी होने तक बाइनेंस अकाउंट में न तो नया पैसा जमा किया जा सकता है और न ही अंदर मौजूद पैसा या क्रिप्टो बाहर निकाला जा सकता है। इस हैकिंग में साइबर हमलावरों ने बाइनेंस के ट्रांजैक्शन वॉलेट्स से महज 20 मिनट में 6.3 बिलियन डॉलर यानी करीब 60,000 करोड़ रुपये के क्रिप्टो एसेट्स चुरा लिए। घटना के बाद बिटकॉइन समेत कुच अन्य क्रिप्टो में 5% से ज्यादा की गिरावट दर्ज की गई है। ब्लॉकचेन रिसर्च फर्म टीआरएम लैब्स के मुताबिक इस हैकिंग के पीछे नॉर्थ कोरिया का हाथ है। क्रिप्टोकरेंसी एक तरह का डिजिटल पैसा है, जिसे ऑनलाइन खरीदा-बेचा जा सकता है। इसे कोई सरकार या बैंक जारी नहीं करता, बल्कि यह ब्लॉकचेन तकनीक से चलता है।

> नॉर्थ कोरिया का हाथ होने का दावा, कंपनी ने निकासी पर रोक लगाई

पानी भारत पहुंचने का खतरा

भूटान में ग्लेशियर झील फटी, हाइवे-सड़कें उखड़ीं

थिम्पू/कोलकाता। भूटान में गुरुवार देर रात शिंताफू ग्लेशियर झील फटने से भारी तबाही हुई। पानी के तेज बहाव में यहां का मशहूर गर्म पानी का कुंड 'गासा त्साचु' पूरी तरह बह गया। पुनाखा-गासा हाइवे का एक हिस्सा भी टूट गया, जिससे वहां ट्रैफिक बंद करना पड़ा। हालांकि, अब तक किसी की मौत की खबर नहीं है। झील से निकले पानी के कारण संकोश नदी का जलस्तर बढ़ गया है। यह नदी भूटान से निकलकर असम और पश्चिम बंगाल की सीमा वाले इलाकों से गुजरती है और आगे ब्रह्मपुत्र में मिल जाती है। इसे देखते हुए दोनों राज्यों में अलर्ट जारी किया गया है। पश्चिम बंगाल के अलीपुरद्वार में प्रशासन ने 12 हजार से ज्यादा लोगों को सुरक्षित स्थानों और राहत शिविरों में पहुंचाया है। रातभर सायरन बजाकर लोगों को सतर्क किया गया और जल्द से जल्द घर छोड़ने को कहा गया। एनडीआरएफ, एसडीआरएफ और आपदा प्रबंधन की टीमें भी तैनात की गई हैं।

> बंगाल और असम में बाढ़ का अलर्ट, 12 हजार लोग शिफ्ट

विश्व कुश्ती चैंपियनशिप : रोहतक की मनीषा ने रचा इतिहास, जीता गोल्ड



रोहतक (हरिभूमि न्यूज)। भारतीय कुश्ती के इतिहास में एक नया और स्वर्णिम अध्याय जुड़ गया है। रोहतक की रेसलर मनीषा भानवाला ने अस्ताना में आयोजित वर्ल्ड कुश्ती चैंपियनशिप के 59 किग्रा भारवर्ग में इतिहास रचते हुए गोल्ड मेडल अपने नाम कर लिया है। वह विश्व कुश्ती चैंपियनशिप में गोल्ड मेडल जीतने वाली भारत की पहली महिला पहलवान बन गई हैं। पहलवान सुशील कुमार के बाद विश्व चैंपियनशिप में देश को स्वर्ण पदक दिलाने वाली मनीषा महज दूसरी भारतीय रेसलर बनी हैं। उनकी इस ऐतिहासिक उपलब्धि ने भारतीय कुश्ती को विश्व पटल पर एक नई और गौरवान्वित पहचान दिलाई है।

0-6 से पिछड़ने के बाद किया जोरदार पलटवार

अमेरिका की एबिगेल एलिजाबेथ नेटे के खिलाफ खिताबी मुकाबले में मनीषा 0-6 से पीछे चल रही थीं। भारतीय स्टार ने गजब का जज्बा दिखाते हुए वापसी की। लगातार अंक बटोरते हुए मनीषा ने अमेरिकी रेसलर को 8-6 से मात देकर पोडियम पर टॉप स्थान हासिल किया।

पहली बार किसी महिला रेसलर ने जीता पदक

अंशु मलिक 2021 में विश्व कुश्ती चैंपियनशिप के फाइनल में पहुंचने वाली पहली भारतीय महिला पहलवान बनी थीं। इस बार अस्ताना में आयोजित इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट में भारत की ओर से नीलम सिरोही (50 किग्रा) और काजल ढोचक (76 किग्रा) ने भी स्वर्ण पदक मुकाबले में अपनी जगह बनाई थी। हालांकि, नीलम और काजल दोनों को रजत पदक से ही संतोष करना पड़ा।

जनगणना के दूसरे चरण का ऐलान, 25 जनवरी से 28 फरवरी तक चलेगा

नई दिल्ली (एजेंसी)। देश में जनगणना का दूसरा चरण 25 जनवरी 2027 से शुरू होगा, जो 28 फरवरी तक चलेगा। इस बार 40 सवाल पूछे जाएंगे। जनगणना का घरों की गिनती का पहला फेज जून 2026 में पूरा हो चुका है। बड़ी बात ये कि 95 साल बाद यानी 1931 के बाद पहली बार देश में जाति की गिनती हो रही है। 5 राज्यों मणिपुर, गोवा, उत्तर प्रदेश, पंजाब और उत्तराखंड को छोड़कर पूरे देश में जनगणना होगी। इन राज्यों में 2027 में विधानसभा चुनाव हो सकते हैं। बर्फबारी वाले क्षेत्रों- लद्दाख, जम्मू-कश्मीर और हिमाचल प्रदेश में भी जनगणना नहीं होगी। अधिसूचना के मुताबिक 10 से 24 जनवरी 2027 तक आप खुद पोर्टल पर भर सकते हैं। *(विस्तृत पेज-8 पर)*

जीवन स्तर पर वर्ल्ड बैंक की रिपोर्ट में बड़ा खुलासा

भारत में 50 करोड़ लोग गरीबी से बाहर निकले

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

रिपोर्ट के अनुसार देश में गरीबी में गिरावट की मुख्य वजह खपत में मजबूत वृद्धि, रोजगार में बढ़ोतरी (विशेषकर महिलाओं के बीच), और खाद्य सब्सिडी सहित सामाजिक हस्तांतरणों के विस्तार को बताया गया है।

भारत ने गरीबी में बीते एक दशक में दुनिया की सबसे तेज गिरावट दर्ज की है और देश में 2011 से 2023 के बीच करीब 49.6 करोड़ लोग गरीबी से बाहर निकले हैं। यह जानकारी वर्ल्ड बैंक की एक रिपोर्ट में दी गई। वर्ल्ड बैंक की रिपोर्ट में बताया गया कि 2011 से 2023 के बीच निम्न-मध्यम आय वर्ग (4.2 डॉलर प्रति दिन, 2021 पीपीपी) से नीचे रहने वालों की जनसंख्या में हिस्सेदारी 57.7 प्रतिशत से घटकर 16.1 प्रतिशत हो गई है। अत्यधिक गरीबी (3.00 डॉलर प्रतिदिन) से नीचे रहने वालों की जनसंख्या में हिस्सेदारी 27.1 प्रतिशत से घटकर 2.6 प्रतिशत हो गई।

साल 2011 से 2023 के बीच करीब 49.6 करोड़ लोगों की बदली जिंदगी


आगे भी जारी रहेगी प्रगति

रिपोर्ट के अनुसार, गरीबी में कमी आने का सिलसिला जारी रहने का अनुमान है, हालांकि इसकी गति थोड़ी धीमी रहेगी। 4.20 डॉलर प्रतिदिन की गरीबी रेखा पर के नीचे रहने वाले लोगों की जनसंख्या में हिस्सेदारी 2026 में 14.2 प्रतिशत से घटकर 2028 तक 12.1 प्रतिशत पर पहुंचने की उम्मीद है।



सरकारी योजनाओं ने निभाई अहम भूमिका

गरीबी घटने के पीछे कई कारण बताए गए हैं। इनमें लोगों की खपत में मजबूत वृद्धि, रोजगार के अवसर बढ़ना और खाद्य सब्सिडी जैसी सरकारी सहायता योजनाओं का विस्तार शामिल है। खास बात यह है कि रोजगार में महिलाओं की भागीदारी बढ़ने से भी परिवारों की कमाई को सहारा मिला। 2017 से 2023 के बीच देश में रोजगार करने वाले लोगों की संख्या करीब 13.4 करोड़ बढ़ी। यह इसी अवधि में कामकाजी उम्र की आबादी में हुई वृद्धि से लगभग दोगुनी है। इस बढ़ोतरी में ग्रामीण महिलाओं के वेतन वाले काम में आने की बड़ी भूमिका रही।



खबर संक्षेप

घर में फंदे पर लटका मिला नौवीं का छात्र

पानीपत। पानीपत के तहसील कैंप क्षेत्र में शुक्रवार को 15 वर्षीय छात्र चिराग पुत्र राकेश कुमार ने अपने घर पर फंदा लगाकर कथित रूप से आत्महत्या कर ली। चिराग विक्टर पब्लिक स्कूल, तहसील कैंप में नौवीं कक्षा में पढ़ता था। घटना के समय उसकी मां सब्जी लेने के लिए घर से बाहर गई हुई थी। पिता फैक्टरी में काम करने गए थे। परिवार के घर लौटने पर घटना का पता चला। चिराग दो बहनों का इकलौता भाई था। उसकी मौत से परिवार में मातम पसरा है। इधर, थाना तहसील कैंप पुलिस ने चिराग के शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए पानीपत के सिविल अस्पताल भिजवा कर इस मामले की जांच शुरू कर दी है।

ट्रक की टक्कर से बाइक सवार दंपती की मौत

गुरुग्राम। जिले में सोहना में तिकोना पार्क के समीप शुक्रवार को ट्रक की टक्कर से बाइक सवार दंपती की मौत हो गई। हादसा इतना गंभीर था कि महिला ने मौके पर ही दम तोड़ दिया, जबकि उनके पति की नागरिक अस्पताल ले जाते समय मौत हो गई। मृतकों की पहचान गांव करौली निवासी सोहराब (60) और पत्नी खतीजा (58) के रूप में हुई है। सोहराब पब्लिक हेल्थ विभाग में ऑपरेटर के पद पर कार्यरत थे और कुछ समय पहले ही रिटायर हुए थे।

12 साल से पहचान बदल छिप रहे थे हत्यारोपी, काबू

फरीदाबाद। युवक की हत्या के एक मामले में 12 साल से फरार चल रहे दो सगे भाइयों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपी गिरफ्तारी से बचने के लिए लगातार अपने ठिकाने और कामकाज बदल रहे थे। एक आरोपी बेलदारी करने के साथ ऑटो चलाने लगा, जबकि दूसरा राजमिस्त्री बन गया था। साल 2014 में गांव सिढौला में झगड़े के दौरान सुमित नाम के युवक की हत्या हुई थी। इसमें संदीप व विजय कुमार आरोपी थे। लंबे समय तक अदालत में पेश नहीं होने पर दोनों को भगोड़ा घोषित कर दिया गया था। क्राइम ब्रांच सेंट्रल व थाना तिगांव की टीम ने दोनों को अलग-अलग जगह से गिरफ्तार कर लिया।

करवाचौथ पर सामने आई अधूरे रिश्तों की दर्दनाक कहानियां, यमुनानगर व जींद में तीन जगह युवाओं ने दी जान

पत्नी से अनबन, बिजनेसमैन ने ऑडी में नहर पर आकर लगाई छलांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर



चाचा का आरोप- पत्नी बिजनेस में अपने भाई को बनवाना चाहती थी पार्टनर, पुलिस ने पत्नी, सास और साले पर केस दर्ज किया

यमुनानगर के हमीदा हेड पर पश्चिमी यमुना नहर में मिले शुभम (30) की मौत के मामले में पुलिस ने उसकी पत्नी, सास और साले के खिलाफ मामला दर्ज किया है। मृतक के चाचा ने पुलिस को शिकायत देकर तीनों पर आरोप लगाए हैं। चाचा का आरोप है कि पत्नी अपने भाई को पति के बिजनेस में पार्टनर बनवाना चाहती थी। इसे लेकर घर में तनाव था।

जानकारी के मुताबिक, शुभम गत वीरवार दोपहर करवाचौथ वाले दिन करीब डेढ़ बजे अपनी सफेद रंग की यूके नंबर की ऑडी कार लेकर घर से निकला था। शाम तक परिजनों की उससे बातचीत होती रही। इस दौरान उसने सिर में दर्द होने की बात भी कही थी। इसके बाद उसने फोन उठाना बंद कर दिया। परिजन उसकी तलाश कर रहे थे। बीती शाम करीब साढ़े पांच बजे उसकी कार पश्चिमी यमुना नहर किनारे खड़ी मिली। कार के अगले शीशे खुले थे और चाबी गाड़ी में ही लगी हुई थी। उसका मोबाइल भी कार के अंदर पड़ा था। जिस पर परिजनों की लगातार कॉल आ रही थीं। इस दौरान बुड़िया पुलिस को नहर किनारे लावारिस कार खड़ी होने की सूचना मिली थी। जिसके बाद थाना प्रभारी निर्मल सिंह टीम के साथ मौके पर पहुंचे। मोबाइल पर लगातार कॉल आने के कारण पुलिस ने फोन उठाया तो पता चला कि शुभम घर से लापता है। एसडीआरएफ की टीम ने नहर में करीब डेढ़ घंटे तक तलाश की। इसी दौरान रात को हमीदा हेड के पास से शुभम का शव बरामद हो गया।

हाथों में करवाचौथ की मेहंदी, फंदे पर लटकी मिली दो बच्चियों की मां

यमुनानगर (हरिभूमि न्यूज)। रायपुर कॉलोनी में बीती रात संदिग्ध परिस्थितियों में एक महिला की मौत हो गई। मृतका के परिजनों ने उसके पति व ससुराल के लोगों पर उसकी हत्या करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने मृतका के परिजनों की शिकायत पर उसके आरोपी पति समेत तीन लोगों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी। बताया जा रहा है कि उसका पति करवाचौथ नहीं मनाने देता था, जबकि शिवानी (28) व्रत रखना चाहती थी। उसने हाथों में मेहंदी भी लगाई थी। इस वजह से उनके बीच झगड़ा हुआ था। मृतका की मां ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उन्होंने अपनी बेटी शिवानी (28) की शादी वर्ष 2018 में रायपुर निवासी प्रिंस के साथ की थी। उनके दो बेटियां हुईं। जिनमें एक आठ वर्षीय और दूसरी पांच साल की बेटी है। उन्होंने बताया कि रात के साढ़े बारह बजे के करीब प्रिंस ने उन्हें फोन पर सूचना दी कि शिवानी ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली है। सूचना मिलते ही वह शिवानी के ससुराल पहुंचे तो वह बेड पर मृत पड़ी मिली। मृतका की मां ने आरोप लगाया कि बीती रात शिवानी और उसके पति के बीच किसी बात को लेकर झगड़ा हुआ और उसके साथ मारपीट की गई। उन्होंने आरोप लगाया कि शिवानी के साथ मारपीट कर व गला दबाकर हत्या की गई और बाद में उसके शव को फंदे पर लटका कर आत्महत्या दिखाने का प्रयास किया गया। बहरहाल पुलिस ने मृतका शिवानी के परिजनों के ब्यान के आधार पर प्रिंस समेत तीन लोगों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर लिया और शव को पोस्टमार्टम के बाद उन्हें सौप दिया। मामले की जांच कर रही पुलिस का कहना है कि मामले में गंभीरता से जांच की जा रही है।

10 माह पहले हुई शादी, करवाचौथ की रात फंदे पर मिला विवाहिता का शव

जींद (हरिभूमि न्यूज)। गांव कारखाना में बीती रात करवाचौथ पर्व पर चांद के दीदार के बाद संदिग्ध हालात में महिला की मौत से हड़कंप मच गया। महिला मकान में फांसी के फंदे पर लटकी हुई थी। मृतका के भाई ने आरोप लगाया कि दहेज की मांग पूरी न होने पर उसकी बहन की योजनाबद्ध तरीके से हत्या की गई है। सदर थाना सफीदों पुलिस ने मृतका के भाई की शिकायत पर पति समेत तीन लोगों के खिलाफ दहेज हत्या का मामला दर्ज किया है। गांव कारखाना निवासी सोनू की पत्नी ईशा (24) का शव गुरुवार देर रात उसके मकान में फांसी के फंदे पर लटकता देखा गया। घटना की सूचना पाकर सदर थाना सफीदों पुलिस तथा मृतका का मायका पक्ष मौके पर पहुंच गया और हालातों का जायजा ले शव को पोस्टमार्टम के लिए नागरिक अस्पताल सफीदों पहुंचाया। मृतका के भाई गांव राजाखेड़ी (पानीपत) निवासी आशीष ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी बहन ईशा की शादी लगभग दस माह पहले सोनू के साथ हुई थी। ससुरालजन उसकी बहन के साथ दहेज के लिए अक्सर मारपीट करते थे। जिसको लेकर परिवार स्तर पर पंचायत भी हुई थी। वहीं, ग्रामीणों का कहना था कि ईशा करवाचौथ पर उसके पति सोनू पर पाजेब लाने का दबाव डाल रही थी। जिसको लेकर पति व पत्नी में कहासुनी हो गई। पाजेब न लाने से खफा ईशा ने कमरे में जाकर फांसी का फंदा लगा लिया। सदर थाना सफीदों पुलिस ने मृतका ईशा के भाई की शिकायत पर पति सोनू, सास कविता तथा ससुर के खिलाफ दहेज हत्या का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने मृतका के शव का चिकित्सक बोर्ड से पोस्टमार्टम करा परिजनो को सौंप दिया है।

पुलिस ने यूपी से 10857 किग्रा धागा किया बरामद

विदेश जा रहे 1.42 करोड़ के धागे को चोरी कर कंटेनर में भरे कंकड़, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार



हिसार। पकड़ा गया करोड़ों के धागे की धोखाधड़ी का आरोपी।

पुलिस ने औद्योगिक प्रतिष्ठान डीसीएम टेक्सटाइल्स से करीब 1.42 करोड़ रुपये के धागे के सुनियोजित गबन के मामले में बड़ी सफलता हासिल की है। सीआईए स्टाफ ने एचटीएम थाना में दर्ज मामले में कार्रवाई करते हुए यूपी के बिजनौर जिले के नहटौर निवासी आरोपी कलीम अहमद को गिरफ्तार किया है। आरोपी की निशानदेही पर उत्तरप्रदेश के नहटौर स्थित उसके गोदाम से डीसीएम टेक्सटाइल्स हिसार का चोरीशुदा 10 हजार 857 किलोग्राम धागा 215 कट्टों में बरामद किया।

पुलिस के अनुसार, डीसीएम टेक्सटाइल्स हिसार द्वारा अपने फ्यूचरो ब्रांड का उच्च गुणवत्ता वाला धागा विदेश निर्यात के लिए कंटेनरों में लोड करके गुरुग्राम के आईसीडी गढ़ी हरसरू भेजा गया था। शिकायत के अनुसार इस वर्ष 13 अगस्त को चीन भेजे जाने वाले 23 हजार 668.92 किलोग्राम धागे की कीमत करीब 71.24 लाख रुपये थी। धागे को कंटेनर में लोड कर सीमा शुल्क विभाग की आरएफआईडी और ई-सील लगाकर ट्रेलर के माध्यम से रवाना किया गया था। बाद में कंटेनर की जांच करने पर उसमें धागे की जगह बजरी-कंकड़ भरे हुए मिले।

जांच के दौरान शिकायतकर्ता कंपनी ने एक अन्य घटना की जानकारी भी दी। इस वर्ष 19 अगस्त को बांग्लादेश भेजे जाने वाले 23 हजार 668.92 किलोग्राम धागे के 473 कार्टन कंटेनर में लोड किए गए थे, जिनकी कीमत करीब 71.01 लाख रुपये थी। इस कंटेनर को भी सीमा शुल्क विभाग की आरएफआईडी और ई-सील लगाकर रवाना किया गया था। बाद में बांग्लादेशी ग्राहक से ईमेल के माध्यम से सूचना मिली कि कंटेनर में धागे की जगह बजरी-कंकड़ भरे हुए हैं और सील भी टूटी हुई नहीं थी। इस प्रकार दोनों घटनाओं में कंपनी के कुल करीब एक करोड़ 42 लाख 25 हजार 518 रुपये कीमत के धागे का गबन होना सामने आया।

विशेष जांच दल किया था गठित

मामले की गंभीरता को देखते हुए 16 सितंबर को पुलिस उपाधीक्षक अपराध कमलजीत की अध्यक्षता में विशेष जांच दल (एसआईटी) गठित किया गया। जांच के दौरान कंपनी से संबंधित दस्तावेज, बिल, माल की मात्रा, कंटेनर एवं परिवहन से जुड़े रिकॉर्ड कब्जे में लेकर उनका अवलोकन किया गया। जांच के दौरान आरोपी कलीम अहमद से पूछताछ के बाद उसे गिरफ्तार किया गया। पुलिस के अनुसार, आरोपी ने पूछताछ में नहटौर स्थित अपने गोदाम में मामले से संबंधित धागा रखे होने की जानकारी दी। इसके सीआईए की टीम ने आरोपी की निशानदेही पर गोदाम में छापेमारी कर 215 कट्टों में रखा कुल 10 हजार 857 किलोग्राम धागा बरामद किया।

युवक को अमेरिका भिजवाने के नाम पर 80 लाख ठगे

कैथल। कौल के युवक को अमेरिका भिजवाने के नाम पर 80 लाख रुपये की धोखाधड़ी करने के आरोप में ढांढ पुलिस ने दंपती सहित 6 के खिलाफ केस दर्ज किया है। हेमंत शर्मा पुत्र अश्वनी शर्मा ने अदालत के माध्यम से ढांढ पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह सितंबर 2023 में इंग्लैंड गया था। वहां उसकी बातचीत पिहोवा के विजय से हुई। भारत लौटने पर विजय ने उसकी पहचान जालंधर के विक्की शर्मा से करवाई। इसके बाद विक्की अपनी पत्नी चांदनी उर्फ चाहत शर्मा के साथ उसके घर पहुंचा। दोनों ने 80 लाख में कानूनी तरीके से अमेरिका भेजने और नौकरी का भरोसा दिया।

एक अक्तूबर 2024 को उन्होंने जालंधर में विक्की शर्मा, उसकी पत्नी चांदनी और भाई देवेंद्र शर्मा की मौजूदगी में आठ लाख रुपये नकद दिए गए। इस लेनदेन की वीडियो रिकॉर्डिंग भी की गई। इसके बाद आरोपियों ने पिहोवा के गांव बाखली निवासी व आरोपियों के सांझेदार प्यारे लाल को पिहोवा अनाज मंडी में दुकान पर दस लाख रुपये नकद दिए। दिल्ली निवासी बृज मेहता और मेरठ निवासी श्याम उर्फ साहिल राणा के खातों में भी पैसे दिए गए। बाद में उन्हें फर्जी वीजा व हवाई टिकट दिए।

जींद में साध्वी राजनाथ के डेरे पर वारदात

महंत पर हमला कर सेवादार ले गया 7 लाख और गाड़ी

- सोटों से हमले में गंभीर रूप से घायल साध्वी अग्रोहा रेफर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद



गांव भाणा ब्राह्मणन तथा गुरथली के बीच बने डेरे में शुक्रवार सुबह सेवादार ने साध्वी महंत पर हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। हमलावर डेरे से कार, नगदी व अन्य सामान लेकर फरार हो गया। घायल साध्वी को अग्रोहा मेडिकल कालेज रेफर किया गया है। सदर थाना नरवाना पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव भाणा ब्राह्मणन तथा गुरथली के बीच बने डेरे में रह रही साध्वी महंत राजनाथ (55) पर वहां के सेवादार ने शुक्रवार सुबह सोटों से हमला कर दिया। जिसमें साध्वी महंत राजनाथ गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना के दौरान महंत की शिष्या कंचननाथ कार्यवश बाहर गई हुई थी। घटना का उस समय पता चला, जब डेरे में काम करने वाले मजदूर वहां पर पहुंचे। जिन्होंने साध्वी का नागरिक अस्पताल नरवाना पहुंचाया। जहां पर चिकित्सकों ने साध्वी राजनाथ की गंभीर हालात देख अग्रोहा मेडिकल कालेज रेफर कर दिया। घटना की सूचना पाकर सदर थाना नरवाना पुलिस मौके पर पहुंच गई और हालातों का जायजा लिया। बताया जाता है कि साध्वी राजनाथ के डेरे में साधुवेश धारी राहुलनाथ सेवादार था। जो डेरे में आता-जाता रहता था। लगभग पखवाड़े पहले सेवादार राहुलनाथ डेरे में आया था। शुक्रवार को सुबह राहुलनाथ ने साध्वी मंहत राजनाथ पर हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। बताया जाता है कि आरोपित राहुलनाथ डेरे से मंहत राजनाथ की गाड़ी, सात लाख की नगदी, सोने की अंगूठी ले गया है। हालांकि गंभीर रूप से घायल साध्वी महंत राजनाथ के बयान नही हुए हैं। उनके बयान होने के बाद ही हमले की वजह, गायब नगदी व अंगूठी के बारे मे पता चल पाएगा। सदर थाना नरवाना पुलिस मामले की जांच कर रही है।

घर में खेलते समय दो साल की बच्ची पानी के टैंक में गिरी, मौत

अंबाला। गांव सौंड़ा में पानी के टैंक में डूबने से 2 साल की मासूम बच्ची की मौत हो गई। बच्ची की पहचान चंदा कुमारी के रूप में हुई है। वह अपने परिवार के साथ गांव में किराये के मकान में रहती थी। परिवार मूल रूप से बिहार के बेगूसराय का रहने वाला है और एक माह पहले ही यहां आया था। जानकारी के अनुसार, चंदा के पिता छोटूराम दिहाड़ी मजदूरी करते हैं। शुक्रवार को घटना के समय बच्ची घर के आंगन में खेल रही थी। इसी दौरान खेलते-खेलते वह घर के बाहर बने पानी के हौद के पास पहुंच गई और उसमें गिर गई। बताया जा रहा है कि हौद का इस्तेमाल किरायेदार पानी भरने के लिए करते हैं। जब काफी देर तक बच्ची दिखाई नहीं दी तो उसकी तलाश की गई और वह हौद में गिरी मिली। परिवार में एक बेटा और एक बेटी है।



पंचकूला के स्कूल में खौफनाक मंजर

तीसरी के छात्र ने स्कूल में केजी की स्पेशल चाइल्ड को पत्थर और गमले से किया लहूलुहान

- बेहोश होने पर भी घायल बच्ची को घसीटता रहा आरोपी, पीजीआई में करवाया भर्ती

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पंचकूला

सेक्टर-20 स्थित संस्कृति मॉडल स्कूल के परिसर में तीसरी कक्षा के एक छात्र ने केजी की स्पेशल चाइल्ड छात्रा पर पत्थरों और भारी गमले से जानलेवा हमला कर दिया। हमले में बच्ची बुरी तरह लहूलुहान होकर बेहोश हो गई, लेकिन आरोपी छात्र फिर भी नहीं रुका। उसने बेहोशी की हालत में भी बच्ची पर पत्थर बरसाना जारी रखा और उसे काफी दूर तक घसीटता रहा।

गंभीर हालत में बच्ची को पहले सेक्टर-6 स्थित नागरिक अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसकी नाजुक स्थिति को देखते हुए तुरंत पीजीआई चंडीगढ़ रेफर कर दिया। जहां उसका उपचार चल रहा है। घटना के समय जब अन्य लोगों की नजर लहूलुहान बच्ची पर पड़ी, तो स्कूल में हड़कंप मच गया। प्राथमिक जानकारी के मुताबिक आरोपी छात्र ने अचानक पत्थरों से हमला किया और फिर पास रखा गमला उठाकर बच्ची के सिर व शरीर पर मार दिया। हमले के बाद बच्ची ज़मीन पर गिरकर बेसुध हो गई, जिसके बाद भी आरोपी उसे घसीटता रहा।

घटना की सूचना मिलते ही सेक्टर-20 थाना प्रभारी यशदीप और जांच अधिकारी प्रदीप कुमार पुलिस टीम के साथ तुरंत मौके पर पहुंचे। पुलिस ने घटनास्थल का मुआयना किया और स्कूल प्रबंधन से सीसीटीवी फुटेज व सुरक्षा संबंधी जानकारी मांगी है। वहीं, बच्चे के माता-पिता से भी जानकारी जुटाई जा रही है कि आखिर तीसरी कक्षा का बच्चा इतना हिंसक कैसे हो गया। अभी यह साफ नहीं हुआ कि किन परिस्थितियों में उसने हमला किया।

ट्रक से टक्कर में टैंकर चालक जिंदा जला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कलायत



कलायत में गांव शिमला के पास गुरुवार देर रात चंडीगढ़-हिसार राष्ट्रीय मार्ग पर बड़ा सड़क हादसा हो गया। इसमें मेथनॉल से भरे टैंकर में ब्लास्ट हो गया और कैबिन में फंसे राजस्थान के जिला जालौर गांव सांगरवास निवासी पीरा राम (38) की जिंदा जलकर मौत हो गई। मेथनॉल से भरे टैंकर और धान से लदे ट्रक की टक्कर के कारण यह हादसा हुआ।

कलायत थाना प्रभारी रणदीप सिंह ने बताया कि उन्होंने बताया कि मेथनॉल से भरा टैंकर गुजराज राज्य के कांडला से अंबाला की तरफ जा रहा था। इसी दौरान गांव शिमला के पास चीका की तरफ जा रहे धान से भरे ट्रक का चालक टायर की हवा चेक कर रहा था। तभी पीछे से आ रहे मेथनॉल टैंकर की ट्रक से टक्कर हो गई।

टक्कर होते ही टैंकर में जोरदार विस्फोट हुआ। दोनों वाहन आग की लपटों की चपेट में आ गए। इसमें धान से भरे ट्रक का फतेहाबाद गांव निवासी चालक गुरविंद्र सिंह बाल-बाल बच गया।



एचएयू में लेबर कॉलोनी में ईंट मारकर युवक की हत्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय परिसर स्थित लेबर कॉलोनी में 20 वर्षीय युवक सन्नी की सिर पर ईंट से ताबड़तोड़ वार कर हत्या कर दी गई। वारदात के पीछे तीन-चार दिन पहले हुई पुरानी कहासुनी की रंजिश बताई जा रही है।

जानकारी के अनुसार, लेबर कॉलोनी निवासी सन्नी गुरुवार रात करीब 11 बजे अपने घर लौट रहा था। उसी दौरान रास्ते में तीन-चार युवकों ने उसे घेर लिया और ईंट मारकर उसकी हत्या कर दी। सन्नी के पिता और बड़ा भाई मजदूरी करते हैं। उधर, पुलिस ने हत्या के इस मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए मुख्य आरोपी राहुल को गिरफ्तार कर लिया है। एसपी सिद्धांत जैन ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी को अदालत में पेश कर पुलिस रिमांड पर लिया जाएगा, ताकि वारदात में शामिल अन्य सहयोगियों और पूरी साजिश का खुलासा किया जा सके।

INDIAN INSTITUTE OF INFORMATION TECHNOLOGY SONEPAT, HARAYANA
(INSTITUTE OF NATIONAL IMPORTANCE BY AN ACT OF PARLIAMENT)

Advt. No. IIITS/Estt./Rect./2026/04 Dated: 22.10.2026

Advertisement for Teaching Positions

Indian Institute of Information Technology Sonepat invites Applications from dynamic, result-oriented and academically accomplished Indian Nationals for the post of Associate Professor (PL-13A2) and Assistant Professor (PL-10 (on contract), PL-11(on contract) & PL-12) in various departments/ disciplines through Direct Recruitment.

The detailed advertisement and the link of online application will be available on the Institute website www.iiitsonepat.ac.in

Closing Date for submission of online applications : 21.11.2026
Last date for submission of hard copy of applications : 01.12.2026

Establishment Section
IIIT Sonepat

CBC 21382/11/0007/2627

रिक्ति परिपत्र
फा. सं 5(5)/2026 -एबीसीडी
भारत सरकार
इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय
इलेक्ट्रॉनिक्स निकेतन, 6-सीजीओ कॉम्प्लेक्स, नई दिल्ली-110003

विषय: महानिदेशक, राष्ट्रीय इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योनिकी संस्थान (एनआईईएलआईटी), एमईआईटीवाई के अंतर्गत स्वायत्त सोसायटी, के पद को भरने के लिए आवेदन पत्र आमंत्रित करना।

इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (एमईआईटीवाई), महानिदेशक, राष्ट्रीय इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योनिकी संस्थान (एनआईईएलआईटी), एमईआईटीवाई के अधीन एक स्वायत्त निकाय, के पद को लेवल 15 के वेतन मैट्रिक्स (1,82,200 - 2,24,100 रुपये) के वेतनमान में सीधी भर्ती /प्रतिनियुक्ति (अल्पकालिक अनुबंध सहित) प्रणाली से भरने का प्रस्ताव किया है। आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि रोजगार समाचार में विज्ञापन के प्रकाशन की तिथि से 45 दिन के बाद पड़ने वाला दिन होगा।

2. इसके अलावा, विवरण और आवेदन प्रपत्र एमईआईटीवाई (www.meity.gov.in): एनआईईएलआईटी (www.nielit.gov.in): डीओपीटी (www.persmin.gov.in) और नेशनल करियर सर्विस पोर्टल (www.ncs.gov.in) (www.ncs.gov.in) की वेबसाइटों से प्राप्त किए जा सकते हैं।

CBC-06101/11/0017/2627

नरवाना के एचआईडीसी में दो प्लांटों में छापे मारे, घी व क्रीम के 8 सैंपल भरकर जांच के लिए भेजे

सीएम फ्लाइंग ने 2205 किलो देशी घी किया सीज

हरिभूमि न्यूज जींद



सीएम फ्लाइंग ने शुक्रवार को नरवाना में दो देशी घी के प्लांटों पर छापेमारी की। छापेमारी के दौरान देशी घी के संदिग्ध मिलने पर 2205 लीटर घी सीज कर दिया। दोनों प्लांटों से आठ सैंपल टीम द्वारा भरे गए हैं, जिन्हें जांच के लिए लैबोरेटरी भेजा गया है। जीएसटी से संबंधित स्थान में भी भिन्नता पाई गई है।

सीएम फ्लाइंग को सूचना मिली थी कि नरवाना एचआईडीसी के प्लॉट नंबर 111 तथा 177 में देशी घी के प्लांट चल रहे हैं। जिसमें विभिन्न ब्रांड के देशी घी तैयार किए जा रहे हैं। सीएम फ्लाइंग के सब इंस्पेक्टर सतपाल के नेतृत्व में छापामार टीम का गठन किया गया। जिसमें सीएम फ्लाइंग के सब इंसपेक्टर चरण सिंह तथा एएसआई कर्मबीर को भी शामिल किया गया। जिला खाद्य एवं सुरक्षा अधिकारी डॉ. अमनप्रकाश तथा जीएसटी के अधिकारी भी शामिल हुए। प्लांटों का संचालन गांव चौसाला कैथल निवासी संजीव द्वारा उसकी पत्नी सीमा के नाम से पाया गया। रजिस्ट्रेशन वैधता भी अक्टूबर 2029 तक पाई गई। प्लांट 111 में भावनादीप 250 किलोग्राम, एसबी मधु फ्रेश वनस्पति 915 किलोग्राम, हरियाणा प्योर 694 किलोग्राम व लूज वनस्पति 390 किलोग्राम पाया गया। जिनके चार सैंपल टीम द्वारा भरे गए। यहां जीएसटी रजिस्ट्रेशन में भिन्नता पाई गई। जिसके बाद दूसरे प्लांट 177 पर दस्तक दी गई। जिसमें देशी घी मां अंजनी 945 किलो, अरविंद घी 345 किलो, लूज घी 915 किलो, क्रीम 200 किलोग्राम पाई गई।यानि कुल 2205 किलोग्राम देशी घी संदिग्ध पाया गया, जिसे छापामार टीम ने सीज कर दिया। टीम ने यहां से तीन देशी घी तथा एक सैंपल क्रीम का भरा। दोनों प्लांटों से भरे गए आठों सैंपलों को जांच के लिए लैबारेट्री भेज दिया गया। जिला एवं खाद्य सुरक्षा अधिकारी डॉ. अमनप्रकाश ने बताया कि दोनों प्लांटों से आठ सैंपल भरे गए हैं।

एनएचपीसी लिमिटेड
(भारत सरकार का एक नवरत्न उद्यम)
पंजी. कार्या: एनएचपीसी कार्यालय परिसर, सेक्टर-33, फरीदाबाद-121003 (हरियाणा)
CIN No.-L40101HR1975GOI032564

Great Place To Work Certified

एनएचपीसी के साथ रोमांचक चुनौतियों को अपनाने के लिए आगे आएं...

एनएचपीसी लिमिटेड को अनुबंध के आधार पर
"सलाहकार (सेफ्टी)"
के रूप में सेवानिवृत्त अधिकारी की सेवाओं की आवश्यकता है

विज्ञापन सं.:-एनएच/टीएच/04/2026



एनएचपीसी लिमिटेड भारत सरकार का एक नवरत्न उद्यम है। यह जलविद्युत विकास के लिए भारत का प्रमुख संगठन है, जिसके पास जलविद्युत परियोजनाओं की 'परिकल्पना से लेकर उसे चालू करने' तक की सभी गतिविधियों को पूरा करने की क्षमताएं हैं। एनएचपीसी ने सौर और पवन ऊर्जा के क्षेत्र में भी अपना विस्तार किया है। यह कंपनी 01.09.2009 से NSE और BSE पर सूचीबद्ध है और इसकी अधिकृत शेयर पूंजी 17,500 करोड़ रुपये है। कंपनी ने वित्त वर्ष 2025–26 में 3,618 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ अर्जित किया है। एनएचपीसी लिमिटेड की वर्तमान में 31 पावर स्टेशनों से 9582.90 मेगावाट की स्थापित क्षमता है।

एनएचपीसी को एक ऐसे सेवानिवृत्त अधिकारी की सेवाओं की सलाहकार (सेफ्टी) के रूप में आवश्यकता है, जो पावर सेक्टर/माइनिंग सेक्टर/इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट्स/सरकारी क्षेत्र/राज्य विभाग में सेफ्टी प्रबंधन में अनुभव के साथ वरिष्ठ प्रबंधन के स्तर पर अधिकारी के रूप में सेवानिवृत्त हुआ हो और जिसका पद महाप्रबंधक के स्तर से कम न हो (न्यूनतम E-8 या समकक्ष/वेतन मैट्रिक्स स्तर 14 से कम न हो)।

पूर्ण विवरण के लिए, कृपया एनएचपीसी की वेबसाइट www.nhpcindia.com के 'Career' अनुभाग पर जाएँ।

आवेदन की हार्डकोपी प्राप्त होने की अंतिम तिथि
23 नवंबर 2026 (05:00 सायं)

वेबसाइट: http://www.nhpcindia.com/career.htm देखें।
आवेदन का केवल ऑनलाइन मोड स्वीकार्य है।

www.nhpcindia.com @nhpcltd @NHPCIndiaLimited nhpclimited @NHPCLimitedTV NHPC Limited

CBC:34129/15/0005/2627

33,412

से अधिक टेक्सटाइल इकाइयां है जिले में कपड़ों के पुनर्चक्रण से चमक रहा कारोबार

दुनिया के पुराने कपड़ों को नया जीवन दे रहा पानीपत, तैयार हो रहे नए उत्पाद

विनोद ⏭ पानीपत

पानीपत दुनिया के लिए केवल कंबल, कालीन और होम फर्निशिंग उत्पाद तैयार करने वाला औद्योगिक शहर नहीं, बल्कि पुराने कपड़ों को नया जीवन देने वाले वैश्विक कारोबार का भी बड़ा केंद्र है। यूरोप, अमेरिका और एशिया के विभिन्न देशों से इस्तेमाल किए जा चुके कपड़े यहां पहुंचते हैं। इनकी छंटाई होती है, अनुपयोगी हिस्सों को काटकर रेशों में बदला जाता है और फिर उनसे धागा, कंबल, कालीन तथा दूसरे उत्पाद तैयार किए जाते हैं। इस तरह दुनिया के फैशन बाजार का पुराना कपड़ा पानीपत में नए कारोबार और रोजगार का आधार बन रहा है। लेकिन इस चमकदार तस्वीर का दूसरा पहलू भी है। उद्योग के विस्तार के साथ श्रमिकों की सेहत, कामकाज की परिस्थितियों और पर्यावरण पर पड़ने वाले प्रभावों को लेकर सवाल उठ रहे हैं।

फैशन कचरे से बन रहा उपयोगी सामान

पुराने कपड़ों की रीसाइक्लिंग से बन रही वैश्विक पहचान

■

1.5 लाख से ज्यादा श्रमिकों को रोजगार

■

1.33 अरब डॉलर का सालाना निर्यात



विदेश से आती हैं पुराने कपड़ों की गांठें

पानीपत की टेक्सटाइल इंडस्ट्री की खासियत इसकी पुनर्चक्रण क्षमता है। विदेशों से आने वाले पुराने कपड़ों की बड़ी-बड़ी गांठें यहां पहुंचती हैं। इसके बाद कपड़ों की गुणवत्ता और उपयोगिता के आधार पर छंटाई की जाती है। जो कपड़े दोबारा इस्तेमाल किए जा सकते हैं, उन्हें अलग कर दिया जाता है। बाकी कपड़ों को मशीनों के माध्यम से काटकर रेशों में बदला जाता है। इन रेशों से धागा तैयार होता है, जिसका इस्तेमाल कंबल, कालीन, दरी और अन्य घरेलू उत्पाद बनाने में किया जाता है। इस प्रक्रिया में छंटाई करने वाले श्रमिकों से लेकर मशीन संचालकों, बुनकरों और पैकिंग कर्मचारियों तक बड़ी संख्या में लोगों को रोजगार मिलता है।

शहर की औद्योगिक क्षमता

वस्त्र मंत्रालय की पानीपत क्लस्टर संबंधी कार्ययोजना के अनुसार, जिले में 33,412 से अधिक टेक्सटाइल एवं परिधान इकाइयां हैं। इनसे 1.5 लाख से अधिक श्रमिकों को रोजगार मिलता है। वर्ष 2024-25 में यहां से लगभग 1.33 अरब डॉलर का निर्यात हुआ। सरकार ने 2030 तक इसे बढ़ाकर करीब 4 अरब डॉलर करने का लक्ष्य रखा है। यानी आने वाले वर्षों में पानीपत के टेक्सटाइल उद्योग से निर्यात में लगभग तीन गुना वृद्धि की अपेक्षा है। यह शहर की औद्योगिक क्षमता और वैश्विक बाजार में इसकी अहमियत को दर्शाता है। *(आंकड़े वस्त्र मंत्रालय की पानीपत क्लस्टर संबंधी कार्ययोजना में दिए हैं।)*

श्रमिकों की सेहत और सुरक्षा की चुनौती भी

इस उद्योग की सबसे बड़ी चिंता उन श्रमिकों को लेकर है, जो कपड़ों की छंटाई, कटाई और रीसाइक्लिंग की प्रक्रिया में रोजाना कई घंटे बिताते हैं। कुछ इकाइयों में कपड़ों के महीन रेशों और धूल के संपर्क में काम करना पड़ता है। पर्याप्त वायु निकासी, मास्क और अन्य सुरक्षा उपकरणों की कमी होने पर स्वास्थ्य संबंधी जोखिम बढ़ सकते हैं। महिला श्रमिकों और अस्थायी कर्मचारियों की स्थिति भी जांच का विषय है। नियमित स्वास्थ्य जांच, उचित मजदूरी, सामाजिक सुरक्षा और सुरक्षित कार्यस्थल सुनिश्चित करना जरूरी है। रीसाइक्लिंग अपने आप में पर्यावरण संरक्षण का बेहतर माध्यम हो सकती है, लेकिन इसकी प्रक्रिया भी पर्यावरण के अनुकूल होनी चाहिए। कपड़ों की कटाई से निकलने वाली धूल, औद्योगिक अपशिष्ट, मशीनों और बॉयलरों से होने वाला उत्सर्जन तथा गंदे पानी का निस्तारण गंभीर मुद्दे हैं। उद्योगों को आधुनिक मशीनों, धूल नियंत्रण प्रणालियों और अपशिष्ट शोधन की बेहतर तकनीक अपनाने के लिए प्रोत्साहित करना होगा। प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड और संबंधित विभागों को भी नियमित निरीक्षण करना चाहिए।

अभिरुचि की अभिव्यक्ति (EOI) हेतु आमंत्रण

वर्क बेस्ड लर्निंग (WBL) कार्यक्रम – चरण-II के अंतर्गत प्रशिक्षुओं (Interns) की मेजबानी हेतु संस्थानों का पैनल गठन

सी-डैक, मोहाली (PMU) देशभर के उद्योगों, MSMEs, DPIIT मान्यता प्राप्त स्टार्ट अप्स तथा इन्क्यूबेशन केन्द्रों को वर्क बेस्ड लर्निंग (WBL) कार्यक्रम के अंतर्गत सहभागी बनने हेतु आमंत्रित करता है।

कार्यक्रम का उद्देश्य

यह कार्यक्रम SC, ST, महिला एवं EWS वर्ग के इंजीनियरिंग स्नातकों, MCA एवं M.Sc. विद्यार्थियों/स्नातकों को 6 माह की संरचित औद्योगिक इंटर्नशिप प्रदान कर उन्हें उभरती प्रौद्योगिकियों में व्यावहारिक अनुभव उपलब्ध कराता है

प्रमुख प्रौद्योगिकी क्षेत्र

• कृत्रिम बुद्धिमत्ता (AI) • मशीन लर्निंग • साइबर सुरक्षा • IoT • सेमी कंडक्टर एवं इलेक्ट्रॉनिक्स डिज़ाइन • एम्बेडेड सिस्टम • क्लाउड कम्प्यूटिंग • डेटा एनालिटिक्स • डिजिटल हेल्थ • तथा अन्य उभरती प्रौद्योगिकियाँ

कौन आवेदन कर सकता है?

• उद्योग • MSMEs • DPIIT मान्यता प्राप्त स्टार्टअप्स • इन्क्यूबेशन केन्द्र • R&D, विनिर्माण अथवा IT/ESDM के क्षेत्र में कार्यरत तकनिकी संस्थाए

साझेदार बनने के लाभ

• योग्य तकनीकी प्रतिभाओं तक पहुँच
• राष्ट्रीय कौशल विकास में योगदान का अवसर
• अनुसंधान एवं नवाचार परियोजनाओं को सहयोग
• CSR के माध्यम से सामाजिक सहभागिता

मुख्य पात्रता

• न्यूनतम वार्षिक टर्नओवर : ₹2 करोड़
• किसी सरकारी संस्था द्वारा ब्लैक लिस्ट न हो
• तकनीकी अवसंरचना एवं प्रशिक्षकों की उपलब्धता

वित्तीय प्रतिबद्धता

• प्रति प्रशिक्षु मासिक स्टाइपेंड :	₹ 10,000
• उद्योग का योगदान :	₹ 5,000
• WBL प्रोग्राम की प्रतिबद्धता:	₹ 5,000

भारत के भावी तकनीकी कार्यबल के निर्माण में भागीदार बनें।

विस्तृत EOI एवं आवेदन प्रक्रिया हेतु देखें: वेबसाइट: https://www.cdac.in/index.aspx?id=tenders_eoi

wbp@cdac.in | +91-172-237052-55, 6619000 | www.cdac.in

सीडैक CDAC प्रगत संगणन विकास केंद्र (सी-डैक), मोहाली
इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (MeitY), भारत सरकार

CBC 06134/11/0001/2627

सशस्त्र सेना चिकित्सा सेवाएँ
ARMED FORCES MEDICAL SERVICES



चिकित्सा अधिकारी (अल्प सेवा कमिशन) के पद हेतु

FOR THE POST OF MEDICAL OFFICER (SHORT SERVICE COMMISSION)

सशस्त्र सेना चिकित्सा सेवा में चिकित्सा अधिकारी (अल्प सेवा कमिशन) के रूप में योगदान हेतु इच्छुक शारीरिक एवं मानसिक रूप से स्वस्थ एवं योग्य भारतीय नागरिकों (स्त्री एवं पुरुष) से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं।

साक्षात्कार: **दिसम्बर 2026 में दिल्ली में** आयोजित किया जायेगा।

रिक्तियाँ-120 (90 पुरुष + 30 महिला)

न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता-एम बी बी एस

आयु सीमा-**एम बी बी एस डिग्री धारक अभ्यर्थी की आयु 31 दिसम्बर 2026 को 30 वर्ष से कम होनी चाहिए (अर्थात जिनका जन्म 02 जनवरी 1997 को या उसके पश्चात हुआ हो, वे ही पात्र होंगे) एवं स्नातकोत्तर डिग्री धारक अभ्यर्थी की आयु 31 दिसम्बर 2026 को 35 वर्ष से कम होनी चाहिए (अर्थात जिनका जन्म 02 जनवरी 1992 को या उसके पश्चात हुआ हो, वे ही पात्र होंगे)** ।

पात्रता शर्तों के लिए **07 नवम्बर 2026** के रोजगार समाचार पत्र / Employment News तथा **www.join.afms.gov.in** वेब्साइट देखें।

ऑनलाइन आवेदन हेतु पंजीकरण **www.join.afms.gov.in** वेब्साइट पर 09 नवम्बर 2026 से 18 नवम्बर 2026 तक किया जा सकता हैं।

Applications are invited from physically fit and mentally robust Indian citizens, both male and female, desirous of joining the AFMS as Medical officers (Short Service Commission).
Interview will be conducted at Delhi tentatively in the month of December 2026.
Vacancy-120 (90 for male + 30 for female)
Minimum Educational Qualification-MBBS
Age Limit-Candidate must not have attained the age of 30 years as on 31 Dec 2026 if holding an MBBS degree (only those born on or after 02 Jan 1997 are eligible) and must not have attained the age of 35 years as on 31 Dec 2026 if holding a PG degree (only those born on or after 02 Jan 1992 are eligible).
